# बिहार विधान परिषद

(202वां शीतकालीन सत्र)

## 16 दिसंबर 2022

----

[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].

कुल प्रश्न 30

----

### भवन का निर्माण कब तक

*67 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के ग्राम + पंचायत – भारथु, प्रखंड – घोषी में भारथु उच्च विद्यालय अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि विद्यालय का उच्चतर माध्यमिक (10+2) का अभी तक भवन निर्माण नहीं हो पाया है जिसके कारण विद्यार्थियों को पठन-पाठन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भारथु उच्च विद्यालय का उच्चतर माध्यमिक (10+2) के लिए भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### अतिक्रमण से मुक्त कब तक

*66 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत पड़रिया में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय के नाम से मौजा पड़रिया में 7 एकड़ 43 डी. भूमि लगभग है;

(ग) क्या यह सही है कि 0.75 डिसमिल में ही विद्यालय का भवन एवं रास्ता है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय की भूमि स्थानीय लोगों द्वारा लगभग 6 एकड़ 68 डिसमिल अतिक्रमण कर लिया गया है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय की भूमि, जो अतिक्रमण है, को मुक्त कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मूल प्रमाण पत्र की उपलब्धता कब तक

*65 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से शैक्षणिक सत्र – 2015-18, 2016-19 तथा 2017-20 में स्नातक उत्तीर्ण लगभग 35000 से भी अधिक छात्रों को विश्वविद्यालय की लापरवाही के चलते मूल प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो पा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मूल प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने से हजारों विद्यार्थियों को विभिन्न नौकरियों में अपना मूल प्रमाण पत्र जमा करने में कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से उक्त शैक्षणिक सत्रों में उत्तीर्ण छात्रों को मूल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्थानांतरण पर विचार

*64 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला के तालीमी मरकज/शिक्षा सेवकों का स्थानान्तरण 25 कि०मी० पर स्थित पंचायतों में किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि टोला सेवक एवं शिक्षा स्वयं सेवी के चयन एवं सेवा शर्त्त से संबंधित मार्गदर्शित 2018 के प्रावधानों के अनुसार अल्प वेतन भोगी तालीमी मरकज/ सेवकों का स्थानान्तरण नजदीक की ही पंचायत में करने का प्रावधान है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक उनको नजदीक की पंचायत में स्थानान्तरण करना चाहती है?

----

## अनुदान की राशि कब तक

*61 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सूबे के वित्त अनुदानित माध्यमिक संबद्ध डिग्री कॉलेज एवं इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के पास होने पर अनुदान की राशि मुहैया करने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि विगत सात वर्षों से अनुदान की राशि मुहैया न होने के कारण संबद्ध डिग्री कॉलेज एवं इंटर कॉलेज के शिक्षकों में रोष व्याप्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के वाद सं० – 12553/20 के पारित न्यायादेश के आलोक में संबद्ध माध्यमिक डिग्री/इंटर कॉलेज के शिक्षकों को मान्य परीक्षा फल के आधार पर विगत सात वर्षों से लंबित अनुदान की राशि यथाशीघ्र मुहैया कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## विसंगतियों का निराकरण

***62 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सूबे के संसाधनविहीन विद्यालयों में शिक्षकों से कई प्रकार के गैर-शैक्षणिक कार्य कराये जाने से गुणात्मक शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हो रही है जिसके कारण विद्यालय शैक्षिक उदासीनता का पर्याय बन चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि कार्यरत शिक्षकों के वेतन एवं अन्य सुविधाओं में लगातार असमानताएं बढ़ने से भी अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य बंद कराना चाहती है और सूबे में सकारात्मक शैक्षिक वातावरण कायम करने हेतु उनके वेतन विसंगतियों का निराकरण शीघ्रता से करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## शिक्षा परियोजना की गठित टीम

***63 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी विद्यालयों में शिक्षा की गतिविधियों तथा विभिन्न मदों में राज्य से मिली राशि के समायोजन की समीक्षा, समावेशी शिक्षा के संसाधन केंद्र, असैनिक कार्य, जिला और प्रखंड शिक्षा कार्यालय की प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय व्यवस्था, लंबित न्यायालय वादों, न्यायादेशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा हेतु बिहार शिक्षा परियोजना ने दो दर्जन से अधिक पदाधिकारियों की टीम बनाई है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के 80 प्रतिशत विद्यालयों ने योजना राशि का प्रतिवेदन सरकार को उपलब्ध नहीं कराया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतायेगी कि पूर्व से इन कार्यों की समीक्षा किन पदाधिकारियों के जिम्मे थी, जिन्होंने जिम्मेवारी का पालन नहीं किया और उन पर क्या कार्रवाई की गई तथा बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा गठित टीम का अभी तक का फलाफल क्या है?

----

## स्नातक का सत्र नियमित कब तक

***68 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में पिछले कई वर्षों से स्नातक का सत्र काफी पीछे चल रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि मगध विश्वविद्यालय से स्नातक करने वालों छात्रों को 5-6 वर्ष लग जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मगध विश्वविद्यालय, बोधगया का छात्रहित में स्नातक का सत्र नियमित कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्थानांतरण का विचार

***69 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के पंचायती राज संस्थानों के विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक नियमावली – 2020 में महिला एवं दिव्यांग शिक्षकों के लिए ऐच्छिक अंतर जिला एवं अंतर नियोजन स्थानांतरण तथा पुरुष शिक्षकों के लिए पारस्पारिक स्थानांतरण का प्रावधान किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पुरुष शिक्षकों के लिए अंतर जिला एवं अंतर नियोजन ऐच्छिक स्थानांतरण का प्रावधान नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त

नियमावली – 2020 के अनुसार महिला एवं दिव्यांग शिक्षकों का स्थानांतरण तथा पुरुष शिक्षकों के लिए भी अंतर जिला एवं अंतर नियोजन ऐच्छिक स्थानांतरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रवरण वेतनमान का लाभ कब तक

*70 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा)ः**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार, वित्त विभाग की संकल्प संख्या – 6022, दिनांक – 18.12.1989 की कंडिका – 13 की उपकंडिका – 3.4 एवं शिड्यूल II c के आलोक में राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालयों के वरीय शिक्षकों में से 20 प्रतिशत को प्रवरण कोटि में प्रोन्नति का प्रावधान किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि दरभंगा को 01.04.97 तक 20 प्रतिशत प्रवरण वेतनमान का लाभ माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को देना था, क्षेत्रीय शिक्षा उप शिक्षा निदेशक, दरभंगा द्वारा दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय जिले के माध्यमिक शिक्षकों को 20 प्रतिशत प्रवरण वेतनमान का लाभ 01.04.92 तक प्रदान किया गया लेकिन बाद में बेगूसराय प्रमंडल मुंगेर प्रमंडल में चला गया;

(ग) क्या यह सही है कि दरभंगा प्रमंडल द्वारा प्रवरण वेतनमान के लिए बेगूसराय जिला के चयनित माध्यमिक शिक्षकों की सूची क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर को उपलब्ध नहीं कराया गया, फलस्वरूप 01.04.93 से 01.04.97 तक के प्रवरण वेतनमान का लाभ बेगूसराय जिला के शिक्षकों को नहीं दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेंगे कि माध्यमिक शिक्षकों की सूची दरभंगा प्रमंडल द्वारा क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक, मुंगेर को कब तक उपलब्ध कराया जाएगा और 01.04.93 से 01.04.97 तक के प्रवरण वेतनमान का लाभ बेगूसराय जिले के शिक्षकों को कब देना चाहती है?

----

## विद्यालय भवन का निर्माण कब तक

*71 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड – दिनारा में बाबा साहेब उच्च विद्यालय अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या काफी अधिक है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन हेतु कमरों का घोर अभाव है, साथ ही विद्यालय भवन भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन एवं कमरों का निर्माण छात्रहित में यथाशीघ्र करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## भवन के पुनर्निर्माण पर विचार

*72 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत प्रखंड - नावकोठी की ग्राम – पंचायत रजाकपुर में माध्यमिक उच्च विद्यालय, रजाकपुर स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि माध्यमिक उच्च विद्यालय, रजाकपुर का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(ग) क्या यह सही है कि माध्यमिक उच्च विद्यालय, रजाकपुर का भवन कभी भी जमींदोज हो सकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माध्यमिक उच्च विद्यालय, रजाकपुर के भवन का पुनर्निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्यवाई कबतक

*73 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा अनुमंडलन पुलिस पदाधिकारी श्री ओम प्रकाश के द्वारा एक करोड़ आठ लाख रुपये की सरकारी राशि का गबन संबंधी मामले को रफा-दफा कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि भगतवानपुर थाना के अंतर्गत संजात संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों के नाम से आवंटित छात्रवृत्ति की राशि निकाल कर गबन कर दिया गया है, जबकि उक्त महाविद्यालय पूर्णतः फर्जी है;

(ग) क्या यह सही है कि पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय ने उक्त मामला की पुनर्जांच कराने का आदेश दिया है, लेकिन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तेघड़ा के ऊपर अबतक किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तेघड़ा के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सेप्टिक टैंक की सफाई

*77 **श्री देवेश कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार के सभी विद्यालयों में शौचालय निर्माण करा दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि कुछ विद्यालयों में शौचालय के लिए जो सेप्टिक टैंक बनाया गया है, वो कई वर्षों से साफ नहीं किया गया;

(ग) क्या यह सही है कि कुछ विद्यालयों में सेप्टिक टैंक और ओवर फ्लो की वजह से गंदगी भी हो रही है तथा बच्चों की सेहत पर नुकसान भी पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालयों के सेप्टिक टैंकों की नियमित सफाई सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## डिस्टेंस एजुकेशन की व्यवस्था कबतक

*74 **श्री मो. सोहैब (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि फौकानिया एवं मौलवी की डिग्री पर कार्यरत राज्य सरकार के कर्मियों के लिए डिस्टेंस एजुकेशन की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें प्रोन्नति से वंचित होना पड़ रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय को छोड़ कर अन्य सभी विश्वविद्यालयों में डिस्टेंस एजुकेशन की व्यवस्था है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अन्य विश्वविद्यालयों की भांति मौलाना मजहरुल हक अरबी व फारसी विश्वविद्यालय में भी डिस्टेंस एजुकेशन की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मंदिर का संरक्षण कबतक

*75 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के पुरातत्व निदेशालय, बिहार सरकार के ज्ञापांक – 262, दिनांक – 27.08.2020 द्वारा गोपालगंज जिलान्तर्गत

सिधवलिया प्रखण्ड के ग्राम डुमरिया में अवस्थित शिव मंदिर को पुरातात्विक स्थल के रूप में सुरक्षित घोषित किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित मंदिर के संरक्षण हेतु स्थल निरीक्षण कर प्राक्कलन उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्टेडियम का जीर्णोद्धार कबतक

*76 **श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिला में स्थित इनडोर स्टेडियम की स्थिति काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि पूर्व में भी इस स्टेडियम एवं उसके परिसर को व्यावसायिक एवं जरूरतमंद लोगों को किराया पर दिया जाता था;

(ग) क्या यह सही है कि इस स्टेडियम को किराया पर लगाने से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती थी;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस इनडोर स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराकर व्यावसायिक एवं अन्य लोगों को किराया पर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रोत्साहन राशि कब तक

*78 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना के तहत स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को सरकार द्वारा प्रोत्साहित राशि के रूप में 25000/- (पच्चीस हजार) रु० मात्र देने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना स्थित श्री राम कृष्ण द्वारिका महाविद्यालय द्वारा वर्ष 2018 में उत्तीर्ण सुश्री नेहा कुमारी, रौल नं० – 1831211256, रजिस्ट्रेशन नं० – 15235108579/2015 सहित अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं हो सकी है;

(ग) क्या यह सही है कि अनेकों बार प्राचार्य एवं अन्य को आवेदन देने के बावजूद इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुश्री नेहा कुमारी एवं महाविद्यालय के उत्तीर्ण अन्य छात्राओं को उक्त योजना के तहत प्रोत्साहन राशि का भुगतान करवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जर्जर भवन की मरम्मती कबतक

*79 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत गांधी इंटर विद्यालय की स्थापना एवं भवन का निर्माण 1913 ई० में हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि विद्यालय में छात्रों की संख्या काफी है एवं भवन काफी जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या बच्चों के हित में सरकार विद्यालय के जर्जर भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## डिग्री कॉलेज खोलने का विचार

*80 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चंपारण के तीन प्रखंड मझौलिया, चनपटिया तथा सिकटा अंतर्गत कोई भी डिग्री कॉलेज नहीं है, जिससे इस इलाके के छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि मझौलिया प्रखंड के सरिसवा बाजार में पूर्व स्वतंत्रता

सेनानी एवं पूर्व मंत्री श्री हरगुण प्रसाद शाही के द्वारा अपनी छः एकड़ निजी जमीन पर दस कमरों का भवन निर्माण कर दान में दिया गया था जिसमें आज प्लस-टू विद्यालय चल रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में उपलब्ध पर्याप्त भूमि पर छात्र हित में एक डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अर्जित अवकाश का नकदीकरण कबतक

*81 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि स्व० गुलाम रब्बानी, पटना विश्वविद्यालय अन्तर्गत बी०एन० कॉलेज में दिनांक – 30.04.2008 तक प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत थे जिनका देहांत दिनांक – 11.03.2016 को सेवा उपरांत हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि स्व० गुलाम रब्बानी की मृत्यु के वर्षों बाद भी उनकी पत्नी के द्वारा बारंबार लिखित आग्रह करने के बावजूद अबतक उनके अर्जित अवकाश के लाभ की राशि का भुगतान नहीं किया गया है एवं उनसे भुगतान करने के लिए नाजायज राशि की मांग की जा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व० रब्बानी के अर्जित अवकाश नकदीकरण (लीव इन्कैशमेन्ट) भुगतान में बाधा उत्पन्न करने वाले पदाधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करते हुए शीघ्र ही भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन की चहारदीवारी कबतक

*82 **श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा प्रखण्ड अन्तर्गत परोहा पंचायत के वार्ड नं० – 17 में राजकीय मध्य विद्यालय, परसौनी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या निर्मित कमरों की अपेक्षा ज्यादा है;

(ग) क्या यह सही है कि कमरे के अभाव में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई-लिखाई प्रभावित हो रही है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन की चहारदीवारी का निर्माण शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वेतन भुगतान कबतक

*83 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत शिक्षक शंभू कुमार एवं अन्य बनाम राज्य सरकार सी डब्ल्यू जे सी संख्या – 18638/2019, दिनांक – 09/09/2019 में माननीय उच्च न्यायालय से भुगतान हेतु आदेश प्राप्त है;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा तीन माह के अंदर भुगतान के आदेश के बाद भी अबतक इन लोगों का भुगतान नहीं हो सका है;

(ग) क्या यह सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी के पत्रांक – 3355, दिनांक – 24/09/2021 के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना मधुबनी के द्वारा जांच प्रतिवेदन उपलब्ध करवा दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक इनका वेतन का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पढ़ाई शुरू कबतक

***84 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में संचालित अधिकांश उच्च विद्यालय को +2 विद्यालय में उत्क्रमित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि टी० के० घोष एकेडमी, पटना में +2 विद्यालय संचालित करने के लिए चार वर्ष पूर्व चार मंजिला भवन बनाया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त नवनिर्मित भवन पर पुलिस का बसेरा है, जिस कारण +2 के बच्चों के लिए अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं हो पाई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार +2 विद्यालय में पढ़ाई की व्यवस्था शुरू करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सारण जिले में कार्य क्षेत्र स्थानांतरण कबतक

***85 श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखण्ड अंतर्गत अकिलपुर पंचायत के सारे प्रशासनिक कार्य सारण जिले में ही होते हैं परन्तु विद्यालय एवं शिक्षा से संबंधित कार्य प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, दानापुर एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना के प्रभार क्षेत्र में पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शिक्षा से संबंधित कार्य को भी सारण जिले के पदाधिकारी के प्रभार क्षेत्र में करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## छात्रावासों की मरम्मती कबतक

***86 श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना विश्वविद्यालय के साईंस कॉलेज के विभिन्न छात्रावासों की स्थिति दयनीय एवं जर्जर है तथा इनकी तुरंत मरम्मती, फर्नीचर की मरम्मती एवं रंग-रोगन की आवश्यकता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त छात्रावासों की मरम्मती कार्य हेतु तुरंत पहल करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कनीय अभियंता की बहाली कबतक

***87 श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **विज्ञान एवं प्रावैधिकी** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन सं०-01/2019 द्वारा कनीय अभियंता के पद पर बहाली निकाली गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि विज्ञापन की चयन प्रक्रिया की कंडिका 4 (क),(ख),(ग) में कुल रिक्ति के 60 प्रतिशत पदों को सामान्य प्रक्रिया से भरने के उपरान्त 40 प्रतिशत पदों को अवशेष मेधासूची के आधार पर राज्य के अधीन सरकारी पॉलिटेकनिक के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को आरक्षण देकर कोटिवार मेधाक्रम में चयन का प्रावधान था;

(ग) क्या यह सही है कि विज्ञापन में प्रकाशित शर्तों की अनदेखी कर 40 प्रतिशत पद को ही भर दिया गया;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप कनीय अभियंता की बहाली करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वर्ग कक्षा का निर्माण कबतक

*88 **श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के गोपाल नारायण +2 उच्च विद्यालय कोठिया, भैरवस्थान, गिरधारी चौरसिया जयंती ग्राम +2 उच्च विद्यालय संतनगर तथा लखनौर प्रखंड के धारावती +2 उच्च विद्यालय लखनौर आदि उक्त क्रमित उच्च विद्यालय में वर्ष 2010 से 2015 के बीच वर्ग कक्षा का निर्माण कराया जा रहा था, जो आज तक अधूरा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के +2 उच्च विद्यालय में अधूरे पड़े वर्ग कक्षा का निर्माण पूर्ण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## संग्रहालय को विकसित कबतक

*90 **डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना में जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय की स्थापना की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त संग्रहालय में दिवंगत नेता से संबंधित कतिपय प्रदर्श के अतिरिक्त सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक अथवा अन्य बौद्धिक विमर्श की गतिविधियां लगभग शून्य हैं;

(ग) क्या यह सही है कि एक महान समाजवादी नेता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रूपायित करने में यह संग्रहालय अपर्याप्त सिद्ध हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संग्रहालय को समाजार्थिक अध्ययन एवं अनुसंधान तथा राजनीतिक प्रशिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रोत्साहन राशि का भुगतान कबतक

*89 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बुशरा जोहरा, पिता – अब्दुल क्यूम, एम०डी०डी०एम० कॉलेज, मुजफ्फरपुर से वर्ष 2019 में बी०एससी (जुलॉजी ऑनर्स) में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई थी;

(ख) क्या यह सही है कि प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई छात्राओं को मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन राशि के रूप में 25 हजार रुपए की मदद की जाती है;

(ग) क्या यह सही है कि बुशरा जोहरा के द्वारा प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन (100005952144) दिये जाने के बावजूद भी अबतक वह इस राशि से वंचित है, जबकि उस सत्र में उत्तीर्ण अन्य छात्राओं की राशि का भुगतान किया जा चुका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बुशरा जोहरा को मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना की राशि का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----